Adda247 GET IT ON Google Play

# रेलवे भर्ती बोर्ड / RAILWAY RECRUITMENT BOARDS

## सी ई एन ०६/२०२४ - एन टी पी सी पूर्व स्नातक स्तर - CEN - 06/2024 - NTPC Under Graduate Level

| | |
|---|---|
| Test Date | 12/08/2025 |
| Test Time | 9:00 AM - 10:30 AM |
| Subject | RRB NTPC Under Graduate CBT I |

* Note
**Correct Answer will carry 1 mark per Question.**
**Incorrect Answer will carry 1/3 Negative mark per Question.**

**1. Options shown in green color with a tick icon are correct.**
**2. Chosen option on the right of the question indicates the option selected by the candidate.**

Section : **General Awareness**

**Q.1** निम्नलिखित में से कौन-सी प्रशासनिक विशेषता, पल्लव और पांड्य दोनों साम्राज्यों में समान थी?

Ans
✗ 1. साम्राज्य का मंडलम और नाडु में विभाजन
✓ 2. ग्राम सभाओं को सभा और उर कहा जाता था
✗ 3. निर्वाचित राजाओं द्वारा शासन
✗ 4. भू-राजस्व करों का उन्मूलन

**Q.2** संविधान का अनुच्छेद 6, निम्नलिखित में से किस क्षेत्र से भारत आए व्यक्तियों की नागरिकता से संबंधित है?

Ans
✗ 1. बांग्लादेश
✓ 2. पाकिस्तान
✗ 3. म्यांमार
✗ 4. श्रीलंका

**Q.3** भारत के पूर्वी तटीय मैदान की विशेषता निम्नलिखित में से क्या है?

Ans
✗ 1. पश्चिमी घाट और अरब सागर के बीच स्थित
✗ 2. संकीर्ण और शैलमय
✗ 3. अनेक ज्वारनदमुखों की उपस्थिति
✓ 4. व्यापक और जलोढ़ निक्षेपों से निर्मित

**Q.4** कठपुतली निम्नलिखित में से किस भारतीय राज्य का पारंपरिक कठपुतली शो है?

Ans
✗ 1. असम
✗ 2. केरल
✗ 3. ओडिशा
✓ 4. राजस्थान

**Q.5** निम्नलिखित में से कौन-सा, भारत में 1856 में अधिनियमित कानून का उद्देश्य था?

Ans
✓ 1. विधवा पुनर्विवाह को वैध करना
✗ 2. बाल श्रम पर प्रतिबंध
✗ 3. शूद्रों के लिए मंदिर प्रवेश
✗ 4. जाति व्यवस्था का उन्मूलन

Adda247

Adda247

Test Prime

ALL EXAMS, ONE SUBSCRIPTION

80,000+ Mock Tests

Personalised Report Card

Unlimited Re-Attempt

600+ Exam Covered

20,000+ Previous Year Papers

500% Refund

IBPS

NABARD

ATTEMPT FREE MOCK NOW

Q.6 निम्नलिखित में से कौन-सा, एक छोटा हाथ से पकड़ा जाने वाला पॉइंटिंग डिवाइस है जो स्क्रीन पर कर्सर की द्वि-विमीय गति (two-dimensional movement) को नियंत्रित करता है?

Ans
- ✗ 1. टचस्क्रीन (Touchscreen)
- ✗ 2. कीबोर्ड (Keyboard)
- ✗ 3. स्कैनर (Scanner)
- ✓ 4. माउस (Mouse)

Q.7 सितम्बर 2015 में, न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र सतत विकास शिखर सम्मेलन में कुल कितने सतत विकास लक्ष्य (SDG) अपनाए गए?

Ans
- ✓ 1. 17
- ✗ 2. 18
- ✗ 3. 16
- ✗ 4. 15

Q.8 सरकार द्वारा शुरू की गई तथा वित्त वर्ष 2022 से 2026 तक कार्यान्वित, कौशल विकास योजना के किस संस्करण का उद्देश्य भारत में ग्रामीण युवाओं को मुफ्त प्रशिक्षण प्रदान करना है?

Ans
- ✗ 1. स्किल इंडिया 3.0
- ✓ 2. प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना 2.0
- ✗ 3. दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना 2.0
- ✗ 4. प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना 4.0

Q.9 मई 2025 में निम्नलिखित में से किस भारतीय संगठन ने मल्टी-इन्फ्लुएंस ग्राउंड माइन (Multi-Influence Ground Mine - MIGM) की युद्धक फायरिंग (combat firing) का सफलतापूर्वक संचालन किया?

Ans
- ✓ 1. रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन और भारतीय नौसेना
- ✗ 2. हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड और भारतीय वायु सेना
- ✗ 3. भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन और भारतीय सेना
- ✗ 4. भारत डायनेमिक्स लिमिटेड और भारतीय तटरक्षक बल

Q.10 5 नवम्बर 2025 को कौन-सा महत्वपूर्ण सिख त्यौहार है?

Ans
- ✗ 1. बैसाखी
- ✗ 2. लोहड़ी
- ✓ 3. गुरु नानक जयंती
- ✗ 4. होली

Q.11 DMI और SP नीति 2025 में पेश किए गए 'Melt and Pour (पिघलाएँ और डालें)' नियम का क्या उद्देश्य है?

Ans
- ✓ 1. सरकारी वित्त पोषित परियोजनाओं में प्रयुक्त इस्पात पूरी तरह से भारत में निर्मित होना
- ✗ 2. आंशिक रूप से तैयार इस्पात का आयात करना और उसे घरेलू स्तर पर परिष्कृत "घरेलू" माना जाना
- ✗ 3. इस्पात निर्यात में भारतीय प्रगलन प्रक्रियाओं का दस्तावेज़ीकरण में शामिल होना
- ✗ 4. पता लगाने की क्षमता के लिए प्रगलन संयंत्रों में बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण आवश्यक होना

Q.12 वैश्विक शासी निकाय WPA ने किस भारतीय शहर को 2025 पैरा एथलेटिक्स वर्ल्ड चैंपियनशिप का मेजबान घोषित किया है?

Ans
- ✗ 1. बेंगलुरु
- ✓ 2. नई दिल्ली
- ✗ 3. चेन्नई
- ✗ 4. मुंबई

Q.13 किस अधिनियम ने पहली बार नागरिक और सैन्य प्राधिकरण के साथ भारत के गवर्नर-जनरल का पद सृजित किया?

Ans
- ✗ 1. भारत सरकार अधिनियम, 1858
- ✗ 2. रेगुलेटिंग एक्ट
- ✗ 3. पिट्स इंडिया एक्ट
- ✓ 4. चार्टर एक्ट, 1833

Q.14 निम्नलिखित में से कौन-सा भारत के राष्ट्रपति का विवेकाधिकार है?

Ans
- ✓ 1. जब किसी भी दल को स्पष्ट बहुमत न हो, तो प्रधानमंत्री की नियुक्ति करना
- ✗ 2. बिना सलाह के लोकसभा भंग करना
- ✗ 3. भारत के मुख्य न्यायाधीश की नियुक्ति करना
- ✗ 4. धन विधेयक को स्वीकृति देना

Q.15 निम्नलिखित में से कौन-सा देश भारत के साथ स्थलीय सीमा साझा नहीं करता है?

Ans
- ✗ 1. अफगानिस्तान
- ✗ 2. चीन
- ✗ 3. म्यांमार
- ✓ 4. श्रीलंका

Q.16 भारत सरकार की भाषिणी (Bhashini) परियोजना का प्राथमिक लक्ष्य क्या है?

Ans
- ✗ 1. प्राचीन भारतीय पांडुलिपियों का डिजिटलीकरण करना
- ✓ 2. भारतीय भाषाओं के बीच रीयल-टाइम अनुवाद के लिए एक बहुभाषी AI प्लेटफ़ॉर्म बनाना
- ✗ 3. भारतीय डेवलपर्स के लिए एक नई प्रोग्रामिंग भाषा विकसित करना
- ✗ 4. बोलियों का एक राष्ट्रीय डेटाबेस स्थापित करना

Q.17 स्वतंत्रता की पूर्व संध्या (1947 में) पर भारत में किस आर्थिक प्रणाली का प्रभुत्व था?

Ans
- ✗ 1. समाजवादी नियोजित अर्थव्यवस्था
- ✗ 2. वैश्विक मुक्त बाजार
- ✗ 3. आयात प्रतिस्थापन औद्योगीकरण
- ✓ 4. औपनिवेशिक कृषि अर्थव्यवस्था

Q.18 मन्नार की खाड़ी (Gulf of Mannar) निम्नलिखित में से किनके बीच स्थित है?

Ans
- ✗ 1. श्रीलंका और मालदीव
- ✗ 2. भारत और मालदीव
- ✓ 3. भारत और श्रीलंका
- ✗ 4. मुख्य भूभाग भारत और अंडमान द्वीपसमूह

Q.19 किस भारतीय अंतरिक्ष तकनीक स्टार्टअप ने गूगल के साथ मिलकर भारत का पहला निजी उपग्रह तारामंडल (satellite constellation) लॉन्च किया?

Ans
- ✗ 1. शिप रॉकेट (Ship Rocket)
- ✗ 2. लिवस्पेस (Livspace)
- ✗ 3. उड़ान (Udaan)
- ✓ 4. पिक्सल (Pixxel)

Q.20 उपनिवेशी आर्थिक नीतियों के तहत भारतीय हस्तशिल्प उद्योग में महत्वपूर्ण गिरावट आई। ब्रिटिश शासन के दौरान भारतीय हस्तशिल्प के पतन का एक प्रमुख कारण क्या था?

Ans
- ✗ 1. वातावरणीय निम्नीकरण
- ✓ 2. मशीन-निर्मित ब्रिटिश वस्तुओं का आगमन
- ✗ 3. घरेलू मांग में कमी
- ✗ 4. भारतीय उद्योग का उदय

Adda247 GET IT ON Google Play

Q.21 1934 में, हेरोल्ड सी उरे (Harold C Urey) को ______________________ रसायन विज्ञान में नोबेल पुरस्कार से सम्मानित किया गया था।

Ans
1. चालक बहुलकों की खोज और विकास के लिए
2. घनत्व-क्रियात्मक सिद्धांत के विकास के लिए
3. भारी हाइड्रोजन की खोज के लिए ✔
4. ट्रांसयूरेनियम तत्वों की खोज के लिए

Q.22 वर्ष 2025 में, 25वें IIFA अवार्ड्स में किस फिल्म को सर्वश्रेष्ठ पिक्चर का पुरस्कार दिया गया?

Ans
1. लापता लेडीज ✔
2. भूल भुलैया 3
3. स्त्री 2
4. आर्टिकल 370

Q.23 कृषि मंत्रालय के 1950-51 से 2014-15 तक के आंकड़ों के अनुसार, भारत में किस भूमि उपयोग श्रेणी में गिरावट की प्रवृत्ति देखी गई है?

Ans
1. निवल बोया क्षेत्र
2. वन क्षेत्र
3. गैर-कृषि उपयोग के अंतर्गत क्षेत्र
4. ऊसर और बंजर भूमि ✔

Q.24 फरवरी 2025 में नई दिल्ली में आयोजित IIAS-DARPG इंडिया कांफ्रेंस की थीम क्या थी?

Ans
1. संघीय संरचनाओं को मजबूत करना
2. अगली पीढ़ी के प्रशासनिक सुधार-नागरिकों का सशक्त बनाना और अंतिम मील तक पहुँचना ✔
3. सार्वजनिक नीति में नवाचार
4. शासन में डिजिटल परिवर्तन - नागरिकों का सशक्त बनाना और अंतिम मील तक पहुँचना

Q.25 निम्नलिखित में से कौन-सा अनुच्छेद भारत के बाहर रहने वाले भारतीय उद्भव (मूल) के व्यक्तियों की नागरिकता से संबंधित है?

Ans
1. अनुच्छेद 8 ✔
2. अनुच्छेद 7
3. अनुच्छेद 11
4. अनुच्छेद 9

Q.26 आवेग को _________ के रूप में परिभाषित किया गया है।

Ans
1. बल के परिवर्तन की दर
2. विस्थापन में परिवर्तन
3. द्रव्यमान और वेग का गुणनफल
4. बल और समय का गुणनफल ✔

Q.27 पानीपत का प्रथम युद्ध 1526 में लड़ा गया था, जिसने भारत में लोदी राजवंश को हटाकर मुगल शासन स्थापित कर दिया था। यह युद्ध इब्राहिम लोदी और _____ के बीच लड़ा गया था।

Ans
1. औरंगजेब
2. अकबर
3. बाबर ✔
4. शाहजहाँ

Adda247

Q.28 भारतीय संविधान का अनुच्छेद 323B (42वें संशोधन द्वारा जोड़ा गया) संसद को कुछ विषयों से संबंधित मामलों के न्यायनिर्णयन हेतु न्यायाधिकरण स्थापित करने का अधिकार देता है। निम्नलिखित में से कौन-सा विषय, विशेष रूप से अनुच्छेद 323B के अंतर्गत आता है?

Ans
✔ 1. कराधान, विदेशी मुद्रा, भूमि सुधार आदि जैसे मामले, जिन्हें कानून द्वारा न्यायाधिकरणों को सौंपा जा सकता है
✘ 2. नियोक्ताओं और श्रमिकों के बीच के केवल औद्योगिक विवाद
✘ 3. सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीशों की नियुक्ति
✘ 4. लोक सेवकों (सिविल सेवाओं) की भर्ती और सेवा शर्तें

Q.29 UNDP रिपोर्ट 2025 में भारत का मानव विकास सूचकांक (HDI) वैल्यू कितनी थी?

Ans
✘ 1. 0.676
✔ 2. 0.685
✘ 3. 0.690
✘ 4. 0.700

Q.30 भारत-यूके एफटीए (India-UK FTA) किस वर्ष तक पूरी तरह से लागू होने की उम्मीद है?

Ans
✘ 1. 2025
✘ 2. 2030
✘ 3. 2027
✔ 4. 2026

Q.31 किस राज्य सरकार ने ड्रोन संवर्धन एवं उपयोग नीति, 2025 प्रस्तुत की?

Ans
✘ 1. पंजाब
✔ 2. मध्य प्रदेश
✘ 3. ओडिशा
✘ 4. झारखंड

Q.32 स्वतंत्रता की पूर्व संध्या पर भारत में कार्यशील जनसंख्या का सबसे बड़ा भाग किस क्षेत्र में कार्यरत था?

Ans
✘ 1. द्वितीयक क्षेत्र
✘ 2. तृतीयक क्षेत्र
✘ 3. तृतीयक और द्वितीयक दोनों क्षेत्र
✔ 4. प्राथमिक क्षेत्र

Q.33 किस भारतीय रिले टीम ने नेशनल रिले कार्निवल 2025 में 4x100m स्पर्धा में राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया?

Ans
✘ 1. सरबानी नंदा, दुती चंद, हिमा दास, अर्चना सुसींद्रन
✔ 2. गुरिंदरवीर सिंह, अनिमेष कुजूर, मणिकांता एच, अमलान बोरगोहेन
✘ 3. गुरिंदरवीर सिंह, अनिमेष कुजूर, मणिकांता एच, अमिया मलिक
✘ 4. अमिया मलिक, मोहम्मद अनस, नूह निर्मल टॉम, राजेश रमेश

Q.34 आंद्रे-मैरी एम्पीयर ने अपनी महान कृति 'मैथमैटिकल थ्योरी ऑफ इलेक्ट्रोडायनामिक फिनोमिना डिड्यूसड सोलेली फ्रॉम एक्सपेरिमेंट्स' किस वर्ष प्रकाशित की?

Ans
✘ 1. 1818
✔ 2. 1827
✘ 3. 1833
✘ 4. 1811

Q.35 विंडोज़ में कौन-सा डेस्कटॉप ऐलीमेन्ट सिस्टम नोटिफिकेशन, दिनांक एवं समय, तथा बैकग्राउंड ऐप्स का स्टेटस प्रदर्शित करता है?

Ans
✘ 1. कंट्रोल पैनल (Control Panel)
✘ 2. स्टार्ट मेन्यू (Start Menu)
✘ 3. फाइल एक्सप्लोरर (File Explorer)
✔ 4. नोटिफिकेशन एरिया (Notification Area)

Adda247

Q.36 स्वतंत्रता के बाद रियासतों को भारत में एकीकृत करने में किस नेता ने सबसे महत्वपूर्ण भूमिका निभाई?

Ans
✓ 1. सरदार वल्लभभाई पटेल
✗ 2. सुभाष चंद्र बोस
✗ 3. बी.आर. अंबेडकर
✗ 4. जवाहरलाल नेहरू

Q.37 1991 के बाद के सुधार युग में मौद्रिक नीति कार्यान्वयन के लिए RBI द्वारा मुख्य रूप से निम्नलिखित में से किस साधन का उपयोग किया जाता है?

Ans
✗ 1. टैरिफ दरें (Tariff rates)
✗ 2. प्रत्यक्ष कर (Direct taxes)
✓ 3. रेपो दर (Repo rate)
✗ 4. निर्यात प्रोत्साहन (Export incentives)

Q.38 खेलो इंडिया राइजिंग टैलेंट आइडेंटिफिकेशन के संक्षिप्त रूप KIRTI के नाम से जानी जाने वाली सरकारी पहल का उद्घाटन ______ में किया गया।

Ans
✗ 1. 2025
✗ 2. 2022
✓ 3. 2024
✗ 4. 2023

Q.39 भारत में पुलिस, सार्वजनिक स्वास्थ्य और कृषि जैसे मामलों पर सामान्यतः कौन-सी सरकार कानून बनाती है?

Ans
✗ 1. केंद्र सरकार
✓ 2. राज्य विधानमंडल
✗ 3. अंतर-राज्यीय परिषद
✗ 4. स्थानीय निकाय

Q.40 दिसंबर 2024 में रिकॉर्ड स्तर की भागीदारी के साथ हॉर्नबिल महोत्सव (Hornbill Festival) किस पूर्वोत्तर राज्य में आयोजित किया गया था?

Ans
✓ 1. नागालैंड
✗ 2. मेघालय
✗ 3. मणिपुर
✗ 4. असम

Section : **Mathematics**

Q.1 सपना ने ₹20,900 की धनराशि में से कुछ धनराशि 9% वार्षिक साधारण ब्याज की दर से और शेष धनराशि 13% वार्षिक साधारण ब्याज की दर से निवेश की। यदि उसे 3 वर्षों के बाद दोनों निवेशों से बराबर ब्याज प्राप्त होता है, तो 9% वार्षिक साधारण ब्याज की दर से निवेश की गई धनराशि (₹ में) ज्ञात कीजिए।

Ans
✗ 1. 12,348
✗ 2. 12,352
✗ 3. 12,349
✓ 4. 12,350

Q.2 26, 13, 14, 15, 8, 36, 23, 35 और 50 की माध्यिका ज्ञात कीजिए।

Ans
✗ 1. 50
✓ 2. 23
✗ 3. 35
✗ 4. 26

Adda247
GET IT ON Google Play

Q.3 एक व्यापारी 57% लाभ पर सब्ज़ियाँ बेचने का दावा करता है, लेकिन बेईमानी से एक ऐसे बाट का इस्तेमाल करता है जो उस पर उल्लिखित वजन से 13% कम है। व्यापारी द्वारा अर्जित लाभ का कुल प्रतिशत ज्ञात कीजिए। (उत्तर को निकटतम पूर्ण संख्या में पूर्णांकित कीजिए।)

Ans
1. 79% ✗
2. 85% ✗
3. 80% ✓
4. 75% ✗

Q.4 राहुल, मोनिका और युवराज ने एक व्यवसाय शुरू करने के लिए क्रमशः ₹1,310, ₹1,430 और ₹1,040 का निवेश किया। यदि वर्ष के अंत में लाभ ₹1,890 है, तो लाभ में युवराज का हिस्सा कितना है?

Ans
1. ₹520 ✓
2. ₹522 ✗
3. ₹523 ✗
4. ₹519 ✗

Q.5 निम्नलिखित में से कौन-सी संख्या, 86,16,16,843 को विभाजित करती है?

Ans
1. 36 ✗
2. 47 ✗
3. 43 ✓
4. 50 ✗

Q.6 किसी वर्ग का परिमाप 336 m है। इसका क्षेत्रफल ($m^2$ में) ज्ञात कीजिए।

Ans
1. 7052 ✗
2. 7057 ✗
3. 7036 ✗
4. 7056 ✓

Q.7 एक खुदरा विक्रेता अपने ग्राहकों को वस्तुओं की खरीद पर निम्नलिखित छूट योजना प्रदान करता है।

'30 खरीदें और 10 मुफ़्त पाएं'

दी गई छूट का प्रतिशत ज्ञात कीजिए।

Ans
1. 30% ✗
2. 28% ✗
3. 25% ✓
4. 26% ✗

Q.8 मैंने ₹1,200 में दो ड्रेस खरीदीं। मैंने पहली ड्रेस को 9% की हानि पर और दूसरी ड्रेस को 18% के लाभ पर बेच दिया। यदि, कुल मिलाकर मुझे न तो हानि हुई और न ही लाभ हुआ, तो पहली ड्रेस का क्रय मूल्य (₹ में) ज्ञात कीजिए।

Ans
1. 824 ✗
2. 784 ✗
3. 800 ✓
4. 820 ✗

Q.9 निम्नलिखित में से कौन-सा अनुपात, सबसे बड़ा है?

Ans
1. 50 : 60 ✓
2. 35 : 72 ✗
3. 37 : 76 ✗
4. 43 : 65 ✗

Adda247

Q.10 किसी कस्बे की वर्तमान जनसंख्या 12,500 है। यह दो क्रमिक वर्षों में 52% और 30% बढ़ जाती है, लेकिन तीसरे वर्ष में 15% घट जाती है। तीसरे वर्ष के अंत में कस्बे की जनसंख्या कितनी है?

Ans
✔ 1. 20,995
✘ 2. 20,991
✘ 3. 20,998
✘ 4. 20,990

Q.11 $50^{-6} \div 50^{18} \times 50^{-5}$ का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
✘ 1. $50^{-32}$
✘ 2. $50^{-36}$
✔ 3. $50^{-29}$
✘ 4. $50^{-19}$

Q.12 30 km की दूरी तय करने में, अनमोल को निखिल से 7 घंटे अधिक लगते हैं। यदि अनमोल अपनी चाल दोगुनी कर देता है, तो उसे निखिल से 8 घंटे कम लगते हैं। अनमोल की चाल ज्ञात कीजिए।

Ans
✘ 1. 7 km/hr
✘ 2. 3 km/hr
✔ 3. 1 km/hr
✘ 4. 6 km/hr

Q.13 पाइप A किसी टैंक को 18 घंटे में भर सकता है, पाइप B उसी टैंक को 21 घंटे में भर सकता है और पाइप C उसी टैंक को 16 घंटे में भर सकता है। यदि वे सभी एक-साथ चालू कर दिए जाएं, तो उसी टैंक को भरने में कितना समय लगेगा?

Ans
✘ 1. $13\frac{6}{167}$ घंटे
✘ 2. $11\frac{6}{167}$ घंटे
✔ 3. $6\frac{6}{167}$ घंटे
✘ 4. $7\frac{6}{167}$ घंटे

Q.14 प्रथम 160 सम संख्याओं का औसत ज्ञात कीजिए।

Ans
✘ 1. 160.5
✘ 2. 161.5
✘ 3. 162
✔ 4. 161

Q.15 एक व्यक्ति 99 km/hr की चाल से कार चलाकर एक पुल को 1.2 मिनट में पार करता है। पुल की लंबाई (मीटर में) ज्ञात कीजिए।

Ans
✘ 1. 1970
✘ 2. 1960
✘ 3. 1950
✔ 4. 1980

Q.16 [459 ÷ {11 + 2 × ( 5 − 9 )}] का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
✔ 1. 153
✘ 2. 154
✘ 3. 155
✘ 4. 152

Q.17 65 का 65%, 45 के $\frac{1}{5}$ से कितना अधिक है?

Ans
1. 31.25
2. 27.25
3. 30.25
4. 33.25 ✔

Q.18 पाइप P, किसी टैंक के $\frac{3}{4}$ भाग को 27 घंटे में भर सकता है, और पाइप Q उसी टैंक के $\frac{2}{3}$ भाग को 12 घंटे में भर सकता है। P और Q दोनों को 6 घंटे के लिए चालू रखा जाता है, और फिर दोनों को बंद कर दिया जाता है। फिर पाइप R को अकेले चालू किया जाता है जो टैंक के पानी को 8 घंटे में खाली कर देता है। पाइप P, Q और R मिलकर खाली टैंक को कितने समय में भर सकते हैं?

Ans
1. 45 घंटे
2. 31 घंटे
3. 37 घंटे
4. 48 घंटे ✔

Q.19 12 cm आधार और 8 cm ऊंचाई वाले त्रिभुज का क्षेत्रफल कितना है?

Ans
1. $24\ cm^2$
2. $96\ cm^2$
3. $16\ cm^2$
4. $48\ cm^2$ ✔

Q.20 ₹12,300 को A, B और C के बीच इस प्रकार विभाजित किया गया कि A के हिस्से का 3 गुना = B के हिस्से का 6 गुना = C के हिस्से का 2 गुना है। A का हिस्सा ज्ञात कीजिए।

Ans
1. ₹3,915
2. ₹3,924
3. ₹4,063
4. ₹4,100 ✔

Q.21 x का वह मान ज्ञात कीजिए जो निम्नलिखित समीकरण को संतुष्ट करता है।
$5(2x^2 - 7) - 2(5x^2 + 8x - 2) = 12$

Ans
1. $-\frac{43}{16}$ ✔
2. $-\frac{53}{16}$
3. $-\frac{39}{16}$
4. $-\frac{49}{16}$

Q.22 दो क्रमागत प्राकृत संख्याओं का गुणनफल 702 है। दोनों संख्याओं में से बड़ी संख्या क्या है?

Ans
1. 38
2. 27 ✔
3. 24
4. 26

Adda247 GET IT ON Google Play

Q.23 यदि 6 अंकों की संख्या N18M05, 11 से विभाज्य है, तो नीचे दिए गए विकल्पों में से कौन-सा विकल्प, M और N के बीच संभावित सही संबंध व्यक्त कर सकता है?

Ans
✗ 1. M + N = -2
✓ 2. M - N = 2
✗ 3. M - N = 1
✗ 4. M = N

Q.24 किसी निश्चित मूलधन पर 4.2% वार्षिक ब्याज दर पर $3\frac{1}{3}$ वर्ष का साधारण ब्याज ₹5,845 है। उसी मूलधन पर 6.4% वार्षिक साधारण ब्याज दर पर $12\frac{1}{2}$ वर्ष में देय मिश्रधन ज्ञात कीजिए।

Ans
✗ 1. ₹75,143
✗ 2. ₹75,131
✓ 3. ₹75,150
✗ 4. ₹75,148

Q.25 एक वस्तु के अंकित मूल्य पर प्रत्येक x% की दो क्रमिक छूटें देने के बाद, कुल छूट ₹18,000 है। यदि वस्तु का अंकित मूल्य ₹50,000 है, तो x का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
✗ 1. 40
✗ 2. 30
✗ 3. 10
✓ 4. 20

Q.26 निम्नलिखित में से कौन-सी संख्या, 81,42,42,541 को विभाजित करती है?

Ans
✓ 1. 7
✗ 2. 15
✗ 3. 8
✗ 4. 12

Q.27 यदि $\frac{x}{y} = \cot\theta$ है, जहां $\theta$ एक न्यून कोण है, तो $\operatorname{cosec}\theta$ का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
✓ 1. $\frac{\sqrt{x^2+y^2}}{y}$
✗ 2. $\frac{\sqrt{x^2+y^2}}{x}$
✗ 3. $\frac{y}{x}$
✗ 4. $\frac{\sqrt{y^2-x^2}}{y}$

Q.28 निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है?

Ans
✗ 1. वर्ग न तो आयत की और न ही समचतुर्भुज की एक विशेष स्थिति है।
✗ 2. वर्ग केवल समचतुर्भुज की एक विशेष स्थिति है।
✓ 3. वर्ग, आयत और समचतुर्भुज दोनों की एक विशेष स्थिति है।
✗ 4. वर्ग केवल आयत की एक विशेष स्थिति है।

Adda247 GET IT ON Google Play

Q.29 संख्याओं 12.8 और 0.004 का लघुत्तम समापवर्त्य (LCM) ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ 1. 1.28
- ✗ 2. 0.128
- ✓ 3. 12.8
- ✗ 4. 128

Q.30 3 वर्ष पहले, पिता की आयु उसके पुत्र की आयु के दोगुने से 21 वर्ष अधिक थी। अब से कितने वर्षों बाद, उसकी आयु उसके पुत्र की आयु की दोगुनी हो जाएगी?

Ans
- ✗ 1. 23
- ✗ 2. 21
- ✓ 3. 18
- ✗ 4. 15

## Section : General Intelligence and Reasoning

Q.1 A, S का पुत्र है। D, F की पुत्री है। F, G का पिता है। G, A की बहन है। A का विवाह Q से हुआ है। W, A का पुत्र है। S का D से क्या संबंध है?

Ans
- ✗ 1. पिता की बहन
- ✗ 2. माता की माता
- ✓ 3. माता
- ✗ 4. बहन

Q.2 निम्नलिखित संख्या और प्रतीक शृंखला का संदर्भ लीजिए तथा नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। गिनती केवल बाएँ से दाएँ की जानी चाहिए।

(बाएँ) 7 $ % 4 & 1 9 @ 5 & 3 Ω 8 * 2 £ # 6 (दाएँ)

यदि शृंखला से सभी प्रतीकों को हटा दिया जाए, तो निम्नलिखित में से कौन-सा, दाएँ से छठा होगा?

Ans
- ✗ 1. 1
- ✓ 2. 9
- ✗ 3. 4
- ✗ 4. 5

Q.3 सात बॉक्स U, V, W, X, E, F और G एक के ऊपर एक रखे गए हैं लेकिन जरूरी नहीं कि वे इसी क्रम में रखे गए हों।
V और X के बीच केवल दो बॉक्स रखे गए हैं। F के ऊपर केवल W को रखा गया है। X के नीचे कोई बॉक्स नहीं रखा गया है। E को G के नीचे किसी स्थान पर लेकिन U के ऊपर किसी स्थान पर रखा गया है। U के ऊपर तीसरे स्थान पर कौन-सा बॉक्स रखा गया है?

Ans
- ✓ 1. G
- ✗ 2. W
- ✗ 3. E
- ✗ 4. X

Q.4 सात व्यक्ति, D, E, F, G, H, I और X, उत्तर दिशा की ओर अभिमुख होकर एक पंक्ति में बैठे हैं। G के बाएं केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। G और H के बीच केवल तीन व्यक्ति बैठे हैं। H और F के बीच केवल एक व्यक्ति बैठा है। E, I के ठीक बाएं पड़ोस में बैठा है। D, H का निकटतम पड़ोसी नहीं है। X के दाएं कितने व्यक्ति बैठे हैं?

Ans
- ✓ 1. एक
- ✗ 2. तीन
- ✗ 3. चार
- ✗ 4. दो

Q.5 निम्नलिखित में से कौन-सा अक्षर-संख्या समूह दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर रखे जाने से श्रृंखला तार्किक रूप से पूर्ण हो जाएगी?

VRM 9 WTJ 6 XVG 3 YXD 0 ?

Ans
1. ZZZ -6
2. ZZA -6
3. ZYZ -3
4. ZZA -3 ✔

Q.6 दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

90 90 91 95 104 ?

Ans
1. 120 ✔
2. 122
3. 121
4. 119

Q.7 निम्नलिखित त्रिकों में, अक्षरों का प्रत्येक समूह एक निश्चित तर्क का अनुसरण करते हुए अगले समूह से संबंधित है। दिए गए विकल्पों में से उस विकल्प का चयन कीजिए जो समान तर्क का अनुसरण करता हो।

JUNK - UJNK - KUJN
LACK - ALCK - KALC

Ans
1. MOST - OMST - OSTM
2. MOCK - MCOK - KCOM
3. FROM - RFOM - MRFO ✔
4. BUNS - UBNS - SUNB

Q.8 निम्नलिखित संख्या और प्रतीक श्रृंखला का संदर्भ लीजिए और नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी चाहिए।

(बाएं) > 5 * \ + 9 & 6 # 6 4 $ & / @ # $ & 8 3 < (दाएं)

ऐसे कितने प्रतीक हैं जिनके ठीक पहले एक संख्या है और ठीक बाद में एक अन्य प्रतीक भी है?

Ans
1. चार
2. एक
3. तीन
4. दो ✔

Q.9 A, B, C, D, Q, R और S एक गोल मेज के परित: उसके केंद्र की ओर मुंह करके बैठे हुए हैं। Q, D के दाएं ठीक पड़ोस में बैठा है। Q के बाएं गिनने पर Q और S के बीच केवल तीन व्यक्ति बैठे हैं। D और C के बीच केवल तीन व्यक्ति बैठे हैं। A, R के दाएं ठीक पड़ोस में बैठा है। R के दाएं गिनने पर D और R के बीच कितने व्यक्ति बैठे हैं?

Ans
1. चार
2. दो
3. तीन
4. एक ✔

Q.10 यदि + का अर्थ –, – का अर्थ ×, × का अर्थ ÷ और ÷ का अर्थ + है, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिन्ह (?) के स्थान पर क्या आएगा?

51 + 8 − 8 ÷ 80 × 4 = ?

Ans
1. 7 ✔
2. 14
3. 26
4. 20

Adda247

Adda247 GET IT ON Google Play

Q.11 उस सेट का चयन कीजिए जिसमें संख्याएँ उसी प्रकार संबंधित हैं जिस प्रकार निम्नलिखित सेट की संख्याएँ संबंधित हैं।
(नोट: संख्याओं को उनके घटक अंकों में तोड़े बिना संक्रियाएँ पूर्ण संख्याओं पर की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए 13 लीजिए - 13 पर संक्रियाएँ, जैसे 13 में जोड़ना/घटाना/गुणा इत्यादि किया जा सकता है। 13 को 1 और 3 में तोड़ना तथा फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएँ करने की अनुमति नहीं है।)
(38, 12, 456)
(44, 11, 484)

Ans
1. (67, 5, 365)
2. (43, 6, 278)
3. (61, 4, 254)
4. (38, 8, 304)

Q.12 हैरी, बिंदु A से ड्राइव करना शुरू करता है और दक्षिण की ओर 1 km ड्राइव करता है। फिर वह दाएं मुड़ता है और 7 km ड्राइव करता है, फिर दाएं मुड़ता है और 8 km ड्राइव करता है। वह फिर से दाएं मुड़ता है और 15 km ड्राइव करता है। वह अंतिम बार दाएं मुड़ता है और 7 km ड्राइव करके बिंदु P पर रुक जाता है। बिंदु A पर वापस पहुंचने के लिए उसे कितनी दूरी (न्यूनतम दूरी) और किस दिशा में ड्राइव करना चाहिए? (जब तक निर्दिष्ट न किया जाए, सभी मोड़ केवल 90-डिग्री के मोड़ हैं।)

Ans
1. 5 km, पश्चिम की ओर
2. 10 km, पश्चिम की ओर
3. 9 km, पश्चिम की ओर
4. 8 km, पश्चिम की ओर

Q.13 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, एक निश्चित तरीके से SWER का संबंध GKSF से है। उसी तरीके से, WAIV का संबंध KOWJ से है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, MQYL का संबंध दिए गए विकल्पों में से किससे है?

Ans
1. AEMZ
2. AZEM
3. AEMU
4. AZME

Q.14 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

VEC WFD XGE YHF ?

Ans
1. ZVG
2. ZML
3. ZWR
4. ZIG

Q.15 यदि + का अर्थ – है, – का अर्थ × है, × का अर्थ ÷ है, ÷ का अर्थ + है, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिन्ह (?) के स्थान पर क्या आएगा?

18 – 2 + 48 × 4 ÷ 21 = ?

Ans
1. 35
2. 40
3. 45
4. 30

Q.16 संख्या 19758436 के प्रत्येक अंक को बाएं से दाएं अवरोही क्रम में व्यवस्थित किया जाता है। मूल संख्या की तुलना में कितने अंकों की स्थिति अपरिवर्तित रहेगी?

Ans
1. एक भी नहीं
2. दो
3. तीन
4. एक

Adda247 GET IT ON Google Play

Q.17 दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़ें। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, तय करें कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-सा/से निष्कर्ष कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता है/करते हैं।

**कथन:** सभी कार, बसें हैं। कुछ कार, ट्रक हैं।

**निष्कर्ष (I):** कुछ ट्रक, कार हैं।
**निष्कर्ष (II):** कुछ बसें, कार हैं।

Ans
1. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है। ✗
2. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है। ✗
3. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है। ✗
4. दोनों निष्कर्ष (I) और (II) अनुसरण करते हैं। ✓

Q.18 दिए गए कथनों और निष्कर्षों का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह सामान्य रूप से ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, तय कीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-से निष्कर्ष कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करते हैं।

**कथन:**
सभी ट्राम, गाय हैं।
कोई गाय, बन नहीं है।

**निष्कर्ष:**
(I): कोई ट्राम, बन नहीं है।
(II): कुछ बन, गाय हैं।

Ans
1. निष्कर्ष (I) और (II) दोनों अनुसरण करते हैं। ✗
2. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है। ✗
3. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है। ✓
4. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है। ✗

Q.19 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम पर आधारित, निम्नलिखित चार अक्षर-समूहों में से तीन एक निश्चित तरीके से समान हैं और इस प्रकार वे एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह, उस ग्रुप से संबंधित नहीं है? (नोट: असंगत अक्षर-समूह, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans
1. LNH ✗
2. GIC ✗
3. IKE ✗
4. EGB ✓

Q.20 सात बॉक्स A, B, C, D, E, F और G एक के ऊपर एक रखे गए हैं, लेकिन जरूरी नहीं कि वे इसी क्रम में रखे गए हों। F के नीचे केवल तीन बॉक्स रखे गए हैं। F और A के बीच केवल दो बॉक्स रखे गए हैं। B के ठीक ऊपर केवल D को रखा गया है। C को G के नीचे किसी स्थान पर लेकिन E के ऊपर किसी स्थान पर रखा गया है। B और F के बीच कितने बॉक्स रखे गए हैं?

Ans
1. 2 ✗
2. 4 ✗
3. 1 ✓
4. 3 ✗

Q.21 यदि संख्या 8934612 में प्रत्येक अंक को बाएं से दाएं आरोही क्रम में व्यवस्थित किया जाता है। तो इस प्रकार बनी नई संख्या में बाएं से दूसरे तथा दाएं से दूसरे अंकों का योग कितना होगा?

Ans
1. 8 ✗
2. 10 ✓
3. 7 ✗
4. 6 ✗

Adda247 GET IT ON Google Play

Q.22 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूहों में से तीन एक निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार वे एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह उस ग्रुप से संबंधित नहीं है? (नोट: असंगत अक्षर-समूह, उसमें व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans
1. EAW
2. MIE
3. OKG
4. DZB ✔

Q.23 एक निश्चित कूट भाषा में, 'EARS' को '4259' के रूप में और 'SARI' को '9725' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। दी गई कूट भाषा में 'I' के लिए कूट क्या है?

Ans
1. 2
2. 5
3. 9
4. 7 ✔

Q.24 सात बॉक्स V, W, X, Y, Z, Q और R एक के ऊपर एक रखे गए हैं लेकिन जरूरी नहीं कि वे इसी क्रम में रखे गए हों। Q और V के बीच केवल दो बॉक्स रखे गए हैं। केवल Y को W के ऊपर रखा गया है। V के नीचे कोई बॉक्स नहीं रखा गया है। X को Z के नीचे किसी स्थान पर लेकिन R के ऊपर किसी स्थान पर रखा गया है। R के ऊपर तीसरे स्थान पर कौन-सा बॉक्स रखा गया है?

Ans
1. Q
2. Z ✔
3. W
4. X

Q.25 एक निश्चित कूट भाषा में, 'FOUR' को '5427' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है और 'RISE' को '6143' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। दी गई कूट भाषा में 'R' के लिए कूट क्या है?

Ans
1. 7
2. 6
3. 4 ✔
4. 3

Q.26 शहर H, शहर R के पूर्व में और शहर D के उत्तर में है। शहर E, शहर H के दक्षिण-पूर्व में है। शहर R के सन्दर्भ में शहर D किस दिशा में है?

Ans
1. उत्तर
2. पश्चिम
3. दक्षिण पश्चिम
4. दक्षिण पूर्व ✔

Q.27 दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

99, 100, 102, 106, 114, ?

Ans
1. 103
2. 130 ✔
3. 135
4. 125

Q.28 दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिन्ह (?) के स्थान पर क्या आएगा?

3 13 28 48 ? 103

Ans
1. 70
2. 71
3. 73 ✔
4. 68

Adda247

Q.29 निम्नलिखित त्रिकों में, प्रत्येक अक्षर-समूह एक निश्चित तर्क का अनुसरण करते हुए अगले समूह से संबंधित है। दिए गए विकल्पों में से उस विकल्प का चयन कीजिए, जो समान तर्क का अनुसरण करता है।

COME - OCME - EOCM
NEAT - ENAT - TENA

Ans
1. DOST - DSOT - TSOD ✗
2. SANK - ASNK - KASN ✓
3. GONE - OGNE - EONG ✗
4. HEAT - EHAT - EATH ✗

Q.30 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूहों में से तीन एक निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार वे एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह उस ग्रुप से संबंधित नहीं है? (नोट: असंगत अक्षर-समूह, उसमें व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans
1. JEM ✗
2. LGO ✗
3. GBI ✓
4. OJR ✗